www.lnmuonline.com

LNMU Question Paper BA Part-2 - 2014

Ancient Indian History (Hons.) Paper-IV

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें जिनमें प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित में से सही उत्तर काचयन कीजिए :
   (a) वैदिक काल का मुख्य राजस्व अधिकारी कौन था?
   (i) पुरोहित (ii) भागदुग (iii) रत्निन (iv) सेनानी
   (b) मौर्यकाल में सीताध्यक्ष नामक पदाधिकारी संबंधित था :
   (i) राजकीय भूमि से (ii) जंगल से (iii) सिंचाई से (iv) कोष से
   (c) सातवाहन प्रशासन में महाबलाधिकृत अधिकारी था :
   (i) प्रधान सेनापति (ii) वित्त मंत्री (iii) विदेश मंत्री (iv) जंगल मंत्री
   (d) निम्न में से कौन-सा ग्रंथ प्राचीन भारत में राज्य उत्पत्ति के सिद्धांत पर प्रकाश डालता है?
   (i) अष्टाध्यायी (ii) मिलिन्द पन्हो (iii) महाभारत (iv) राजतरंगिनी
   (e) सन्निधाता निम्न में से किस विभाग का अधिकारी था?
   (i) कोषागार (ii) कृषि (iii) सिंचाई (iv) सैनिक
   (f) गुप्तों के अधीन निम्न में से कौन प्रशासन की सबसे बड़ी इकाई थी?
   (i) ग्राम (ii) जनपद (iii) पुर (iv) भुक्ति
   (g) निम्न में से कौन सप्तांग राज्य सिद्धांत का अंग नहीं है?
   (i) स्वामी (ii) दण्ड (iii) अमात्य (iv) धर्म
   (h) प्रसिद्ध पुस्तक 'हिन्दू पॉलिटी' के लेखक कौन हैं?
   (i) आर० एस० शर्मा (ii) डी० डी० कोशाम्बी
   (iii) ए० एस० अल्तेकर (iv) के० पी० जयसवाल
   (i) मेगास्थनीज ने पाटलिपुत्र प्रशासन की कितनी समितियों का उल्लेख किया है?
   (i) दो (ii) चार (iii) छः (iv) आठ
   (j) महासंधिविग्रहिक मंत्री था :
   (i) कल्याण विभाग का (ii) आरक्षी विभाग का
   (iii) युद्ध और शांति विभाग का (iv) व्यापार विभाग का
2. प्राचीन भारत में राज्य के सप्तांग सिद्धांत का वर्णन करें।
3. प्राचीन भारत में राज्याभिषेक समारोह के महत्व को रेखांकित कीजिए।
4. प्राचीन भारत में मंत्रीपरिषद के संगठन एवं कार्यों का वर्णन करें।
5. प्राचीन भारत में राजतंत्र पर एक निबंध लिखिए।
6. प्राचीन भारत में अन्तर्राज्य सम्बन्धों की विशेषताओं को संक्षेप में रेखांकित कीजिए।
7. मौर्य प्रशासन की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालें।
8. सातवाहन प्रशासन की मुख्य विशेषताओं का परीक्षण कीजिए।
9. हर्ष के प्रशासन की मुख्य विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।
10. प्राचीन भारत में राजत्व के दैवत्व पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिए।

www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com